| | | |
|---|---|---|
| 481.45 | 837.18 | 371.30 |
| 392.68 | 682.11 | 325.54 |

the detailed format of unaudited consolidated financial results for the quarter and Half year ended 30 Sep
e stock exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regul
mat of the standalone and consolidated financial results for the quarter and Half year ended 30 Septe-
on the Stock Exchange websites (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and Company's website

020

For and on behalf of Board of Directors
(Amit Burman)
Chairman
DIN : 00042050

# LORDS CHLORO ALKALI LIMITED

(CIN : L24117RJ1979PLC002099)
**Regd Office** : SP-460, Matsya Industrial Area, Alwar-301030 (Rajasthan)
**Corp. Office** : A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi-110024
**Phone:** 011-46865999, 41627937; **Fax:** 011-46865930
**Web:** www.lordschloro.com; **E-mail** : contact@lordschloro.com

## NOTICE

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Notice is hereby given that the Meeting of Board of Directors of the Company will be held on Thursday, 12th November, 2020 at 5:30 P.M. at its Corporate Office at A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi - 110024, inter-alia, for consideration, approval and publication of Un-audited Financial Results for the quarter/half year ended on 30th September, 2020.

The said Notice may be accessed on the Company's Website i.e. www.lordschloro.com and may also be accessed at Stock Exchange Website at www.bseindia.com.

**By Order of the Board of Directors**
**For Lords Chloro Alkali Limited**
**Sd/-**
**Dipendra Chaudhary**
**Company Secretary**

**Place: New Delhi**
**Date : 03.11.2020**

on.org

Date: 02.11.2020
bidders meeting
ation, Testing &
ing System at
n block section
ons on Katni-

00 Hrs (IST)
eprocure/app.
Delhi-110 017

INDORE SMART
Smart City
Nehru Pa
E-mail: smartcit

NIT No.: 23/ISCDL/2020-21 NC

Online tenders are invited for the fo
contractors having relevant experience

| S. No. | Name of Work |
|---|---|
| 1 | Construction, Operation and M Unipole on BOT Basis as detailed Advertisement Rights for a Licer years. (3rd Call) |
| 2 | Supply, Installation, Operation and of LED advertisement panels on detailed in RFP against Advertisem License Period of 10 years, near 56 (2nd Call) |

Key Dates:

| S.No. | Description |
|---|---|
| 1. | Last date for Purchase of Tender |
| 2. | Last date for Submission of Tend |
| 3. | Technical bid Opening (Online) |
| 4. | Last date for Submission of Hard |
| 5. | Prebid meeting |

Note :
1. Tender Document and other details sha
2. Amendment to NIT, if any would be publ
3. The EMD shall be deposited through onl Generated Challan.

समाचार : खेलकूद/ क्रिकेट

## सार समाचार

### यूनियन बर्लिन की होफेनहीम पर 3-1 से जीत

**सिनशीम,एपी।** जर्मनी के पूर्व स्ट्राइकर मैक्स क्रूस के शानदार खेल की बदौलत यूनियन बर्लिन ने जर्मन फुटबॉल लीग बुंदेसलीगा में होफेनहीम को 3-1 से हराया। इस जीत से यूनियन छह दौर के बाद नौ अंक के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया है जबकि होफेनहीम सात अंक के साथ 12वें स्थान पर खिसक गया है। क्रूस ने 60वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया और इसके बाद स्थानापन्न जोएल पोहजानपालो और सेड्रिक टियुचर्ट को गोल करने में मदद की। बुंदेसलीगा अंकतालिका में बायर्न म्यूनिख गोल अंतर के आधार पर बोरुसिया डोर्टमंड से आगे शीर्ष पर है। ।

### विल्लारीयाल स्पेनिश लीग में तीसरे स्थान पर पहुंचा

**मैड्रिड,एपी।** सामू चकवेज और पाउ टोरेस के पहले हाफ में किये गये गोल की मदद से विल्लारीयाल ने वेल्लाडोलिड को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। विल्लारीयाल ने शुरू से दबदबा बनाये रखा। उसने चकवेज के 21वें मिनट में किये गये गोल से खाता खोला जबकि टोरेस ने 37वें मिनट में बढ़त दोगुनी की। इस जीत से विल्लारीयाल दूसरे स्थान पर काबिज रीयाल मैड्रिड से एक और शीर्ष पर चल रहे रीयाल सोसीडाड से दो अंक पीछे रह गया है। मैड्रिड ने हालांकि एक मैच कम खेला है।

### माराडोना अस्पताल में भर्ती

**ब्यूनस आयर्स,एपी।** अपने जमाने के दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना को अपने 60वें जन्मदिन के तीन बाद अवसाद के लक्षणों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। माराडोना के एक कर्मचारी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इस पूर्व फुटबॉलर की स्थिति गंभीर नहीं है।

# हरमनप्रीत, स्मृति और मिताली में होगी टक्कर

## महिला टी20 चैलेंज में अजेय सुपरनोवाज की निगाह लगातार तीसरे खिताब पर।

**शारजाह ■** भाषा/डेस्क

भारतीय महिला क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के अलावा इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की खिलाड़ी बुधवार से यहां शुरू होने वाले तीसरे महिला टी20 चैलेंज में एक दूसरे के खिलाफ अपना कौशल और दमखम दिखाएंगे। इस टूर्नामेंट में चार मैच होंगे जिसमें तीन टीमें मौजूदा चैंपियन सुपरनोवाज, पिछले साल का उप विजेता वेलोसिटी और ट्रेलब्लेजर्स भाग लेंगी। ये तीनों टीमें एक दूसरे से भिड़ेंगी जिसके बाद नौ नवंबर को फाइनल होगा। टूर्नामेंट में श्रीलंका, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की खिलाड़ी भी भाग ले रही हैं।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम सुपरनोवाज ने अब तक पिछले दोनों टूर्नामेंट में अपने सभी मैच जीते हैं। वह अपने अभियान की शुरुआत मिताली राज की अगुवाई वाले वेलोसिटी टीम के खिलाफ करेगी और उसकी निगाह लगातार तीसरा खिताब जीतने पर टिकी रहेगी।

हरमनप्रीत पिछले टूर्नामेंट में शानदार फार्म में थी। उन्होंने तीन मैचों में से दो में अर्धशतक जमाये। फाइनल में उनकी 37 गेंदों पर 51 रन की पारी ने जीत में अहम भूमिका निभायी थी।

भारत की टी20 कप्तान अपनी शानदार फार्म में वापसी करने की कोशिश करेंगी। इस साल के शुरू में आस्ट्रेलिया में महिला विश्व टी20 में उन्होंने लचर प्रदर्शन किया था। हरमनप्रीत ने पांच मैचों में 6.00 की औसत से रन बनाये जिसका खामियाजा भारत ने भुगता और उसे उप विजेता से संतोष करना पड़ा।



जेमिमा रोड्रिग्स पर भी सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। पिछले सत्र में मुंबई की इस क्रिकेटर ने सर्वाधिक 123 रन बनाये थे ओर उन्हें टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। विरोधी टीम में मिताली आगे बढ़कर नेतृत्व करने के लिये तैयार होगी। पिछले साल आखिरी ओवर में चार विकेट गंवाने से उनकी टीम को हार झेलनी पड़ी थी और अब उनकी टीम उसका बदला चुकता करने की कोशिश करेगी।

वेलोसिटी का दारोमदार काफी हद तक 16 वर्षीय शैफाली वर्मा पर टिका रहेगा जिन्होंने विश्व टी20 में सर्वाधिक नौ छक्के लगाये थे। सभी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कोविड-19 के कारण फरवरी-मार्च में महिला विश्व टी20 के बाद पहली बार मैदान पर दिखेंगे। इसलिए उनके फिटनेस स्तर को देखना दिलचस्प होगा। टूर्नामेंट में थाईलैंड के सलामी बल्लेबाज नाथकन चंथाम भी हिस्सा लेंगी जिन्होंने विश्व टी20 में अपने देश की तरफ से पहला अर्धशतक जमाया था। वह टूर्नामेंट में खेलने वाली पहली एसोसिएट क्रिकेटर हैं। वह ट्रेलब्लेजर्स की तरफ से खेलेगी जिसकी कप्तान भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना हैं।

ट्रेलब्लेजर्स की टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी, इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेसटोन और वेस्टइंडीज की स्टार डींड्रा डोटिन शामिल हैं। बीसीसीआई ने 2018 में इस टूर्नामेंट की शुरुआत की थी। पहले टूर्नामेंट में केवल एक मैच मुंबई में खेला गया था। तब हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाले सुपरनोवाज ने ट्रेलब्लेजर्स को तीन विकेट से हराया था। सभी मैच शारजाह में खेले जाएंगे। पहला मैच शाम सात बजकर 30 मिनट से खेला जाएगा।

टीमें इस प्रकार हैं:

सुपरनोवाजः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमाह रोड्रिग्स (उप कप्तान), चमारी अटापट्टू, प्रिया पुनिया, अनुजा पाटिल, राधा यादव, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), शशिकला सिरीवर्धने, पूनम यादव, शकीरा सेल्मन, अरुंधति रेड्डी, पूजा वस्त्राकर, आयुषी सोनी, अयाबोंगा खाका और मुस्कान मलिक।

वेलोसिटी : मिताली राज (कप्तान), वेदा कृष्णमूर्ति (उप कप्तान), शैफाली वर्मा, सुषमा वर्मा (विकेटकीपर), एकता बिष्ट, मानसी जोशी, शिखा पांडे, देविका वैद्य, सुश्री दिब्यादर्शनी, मनाली दक्षिणिनी, लीघ कास्पेरेक, डैनियल वाइट, सुन लूस, जहाँआरा आलम और एम अनघा।

ट्रेलब्लेज़र्स : स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उप कप्तान), पूनम राउत, ऋचा घोष, डी हेमलता, नुज़हत परवीन (विकेटकीपर), राजेश्वरी गायकवाड़, हरलीन देओल, झूलन गोस्वामी, सिमरन दिल बहादुर, सलमा खातून, सोफी एक्लेस्टोन, नाथकन चंथाम, डींड्रा डोटिन और काशवी गौतम।

# शेन वाटसन ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लिया

**सिडनी ■** भाषा/डेस्क



आस्ट्रेलिया के चोटी के आलराउंडर शेन वाटसन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीम चेन्नई सुपर किंग्स के बाहर होने के बाद मंगलवार को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। वाटसन ने कहा कि उन्होंने अपने 20 साल के करियर के प्रत्येक पल का भरपूर आनंद लिया और उन्होंने जो सपना देखा था उसे साकार करने के लिये वह स्वयं को भाग्यशाली मानते हैं।

यह 39 वर्षीय खिलाड़ी 2016 में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुका था और उन्होंने पिछले साल आस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग को अलविदा कह दिया था। वाटसन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, इसकी शुरुआत बचपन में तब हुई थी जब मैंने एक टेस्ट मैच देखते हुए अपनी मां से कहा था कि मैं आस्ट्रेलिया की तरफ से खेलना चाहता हूं। अब जबकि मैं आधिकारिक तौर पर सभी तरह की क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर रहा हूं तब मैं खुद को भाग्यशाली मान रहा हूं कि मैंने अपना सपना पूरा किया।

उन्होंने कहा, इस अध्याय का समापन करना मुश्किल बनता जा रहा है लेकिन मैं कोशिश कर रहा हूं। मैं वास्तव में आभारी हूं कि मैंने यह अद्भुत सपना जिया। अब अगली रोमांचक यात्रा की तैयारी है। वाटसन ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 59 टेस्ट, 190 वनडे और 58 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। टी20 प्रारूप में उनकी काफी मांग थी और वह आईपीएल में शुरू से नियमित रूप से खेलते रहे। आईपीएल में उन्होंने 145 मैचों में 3874 रन बनाये जिसमें चार शतक और 21 अर्धशतक शतक शामिल हैं। उन्होंने इसके अलावा 92 विकेट भी लिये। उन्होंने कहा, वास्तव में लगता है कि यह सही समय है। मैं जानता हूं कि मैंने क्रिकेट में अपना आखिरी मैच, अपने प्रिय चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से आखिरी मैच खेल लिया है। अपने लंबे करियर में इतनी चोटों के बावजूद 39 वर्ष की उम्र में अलविदा कहने पर मैं वास्तव में खुद को भाग्यशाली मानता हूं।

उन्होंने अपने करियर में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों विशेषकर अपनी मां, पिताजी, बहन निकोल और अपनी पत्नी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपने सभी कोच, मेंटोर, टीम के साथियों और प्रशंसकों का भी आभार जताया। वाटसन ने इस साल आईपीएल में चेन्नई की तरफ से 299 रन बनाये। चेन्नई की टीम इस टूर्नामेंट में पहली बार प्लेऑफ के लिये क्वालीफाई करने में नाकाम रही। यह आस्ट्रेलियाई आलराउंडर उन कुछेक खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने दो अलग अलग टीमों की तरफ से आईपीएल जीता। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स की आईपीएल के पहले टूर्नामेंट में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभायी थी। तब उन्होंने 472 रन बनाने के अलावा 17 विकेट भी लिये थे। चेन्नई की तरफ से उन्होंने 2018 में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ फाइनल में शतक जमाकर अपनी टीम को खिताब दिलाया था। वाटसन ने उस सत्र में 555 रन बनाने के अलावा छह विकेट भी लिये थे।

अंतरराष्ट्रीय मुकाबले : क्रिकेट

# बल्लेबाजों के लिए हेलमेट अनिवार्य हो: सचिन

**नई दिल्ली ■** भाषा/डेस्क

खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से अपील की कि वे पेशेवर स्तर पर खेलने के दौरान बल्लेबाजों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य करें। तेंदुलकर ने सनराइजर्स हैदराबाद के आलराउंडर विजय शंकर का वीडियो साझा किया जिनके सिर में उस समय गेंद लगी जब किंग्स इलेवन पंजाब के क्षेत्ररक्षक निकोलस पूरन ने बल्लेबाजी छोर पर गेंद फेंककर बल्लेबाज को रन आउट करने का प्रयास किया।



शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग की आधिकारिक वेबसाइट पर डाले गए इस वीडियो में गेंद लगने के बाद शंकर को मैदान पर गिरा हुआ दिखाया गया और फिजियो को उनकी जांच के लिए मैदान पर आना पड़ा। यह बल्लेबाज भाग्यशाली था कि उन्होंने हेलमेट पहन रखा था। तेंदुलकर ने ट्वीट किया, खेल तेज होता जा रहा है लेकिन क्या यह सुरक्षित भी हो रहा है?

हाल में हमने एक ऐसी घटना देखी जो खतरनाक हो सकती थी। स्पिनर हो या तेज गेंदबाज, पेशेवर स्तर पर बल्लेबाज के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य होना चाहिए। आईसीसी से आग्रह है कि इसे प्राथमिकता के रूप में लें। इससे पहले नवंबर 2014 में आस्ट्रेलिया के घरेलू मैच के दौरान सीन एबट की गेंद पर बल्लेबाज फिलिप ह्यूज की दुखद मौत के बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर बहस शुरू हुई थी।

### लीसेस्टर ने लीड्स को 4-1 से हराया

**लीड्स,एपी।** स्ट्राइकर जेमी वार्डी ने पहले दो गोल करने में मदद की और फिर स्वयं एक गोल दागा जिससे लीसेस्टर ने लीड्स को 4-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में विरोधी टीम के घरेलू मैदान पर लगातार चौथी जीत दर्ज की और अंकतालिका में दूसरे स्थान पर जगह बनाई। पिछले सत्र में लीग में सर्वाधिक गोल करने के कारण गोल्डन बूट हासिल करने वाले 33 वर्षीय वार्डी पर उम्र का कोई असर नहीं दिख रहा है और इस सत्र में अब तक सात गोल कर चुके हैं।

पुरुष हॉकी

# ओलंपिक पदक जीतना मेरा सबसे बड़ा सपना: नीलम संदीप

**मैं अपने खेल को उस स्तर तक बढ़ाने के लिए ढ हूं, जिसके साथ मैं भारतीय टीम में नियमित रूप से जगह पा सकता हूं।**

**बेंगलुरू ■** आईएएनएस/डेस्क

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर नीलम संदीप एस. ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं के शुरू होने के बाद वह टीम में नियमित रूप से अपनी जगह बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। संदीप ने कहा कि उन्हें अपनी कुछ तकनीकों पर काम करने की आवश्यकता है और प्रत्येक खेल गतिविधियों के सीजन के साथ वह



अपने कौशल में सुधार कर रहे हैं।

संदीप ने कहा,यह मेरे अंतरराष्ट्रीय करियर की एक छोटी सी शुरूआत है। अगस्त 2019 में भारत के लिए मेरा आखिरी टूर्नामेंट ओलंपिक टेस्ट इवेंट था। हालांकि, मैंने प्रतियोगिता के बाद से विभिन्न राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों में अपने खेल पर कड़ी मेहनत जारी रखी है।

उन्होंने कहा, मैंने कुछ तकनीकों पर ध्यान दिया है, जिन पर मुझे काम करने की आवश्यकता है और उम्मीद है कि मैं एक खिलाड़ी के रूप में सुधार करूंगा। मैं अपने खेल को उस स्तर तक बढ़ाने के लिए ढ़ हूं, जिसके साथ मैं भारतीय टीम में नियमित रूप से जगह पा सकता हूं। इस समय मेरा तत्काल लक्ष्य है।

अपने सबसे बड़े सपने के बारे में पूछे जाने पर संदीप ने कहा कि ओलंपिक पदक जीतना किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा, मेरा सबसे बड़ा सपना ओलंपिक पदक जीतना है। किसी भी खिलाड़ी के लिए यह सबसे बड़ी उपलब्धि है। अगर मैं इसे अगले साल भारतीय ओलंपिक टीम में जगह बना लेता हूं, तो यह निश्चित रूप से मेरे लिए सपना सच होने जैसा होगा।

## खेल सुर्खियां

# शुरूआत में अंतिम एकादश में न होने से निराश था: रहाणे

**अबू धाबी ■** आईएएनएस/डेस्क

दिल्ली कैपिटल्स के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने कहा है कि आईपीएल-13 शुरूआती मैचों में खेलने का मौका नहीं मिलने से वह निराश थे।

रहाणे ने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ एक अहम मैच में अर्धशतक लगाकर टीम को छह विकेट जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने आईपीएल के 13वें सीजन में पिछले छह मैचों में केवल 111 रन ही बनाए थे। लेकिन बेंगलोर के खिलाफ उन्होंने 60 रन की अहम पारी खेली और शिखर धवन (54) के साथ मिलकर टीम को शानदार जीत दिलाई। इस जीत के दम पर दिल्ली प्लेआफ में पहुंच गई हैं। रहाणे ने मैच के बाद अपने साथी बल्लेबाज धवन के साथ बातचीत के दौरान कहा, आखिरकार मुझे खेलने का मौका मिला। जब मैं टीम में नहीं था तो काफी निराश था। मगर अब जीत में योगदान देने के बाद अच्छा लगा। (धवन) आपके साथ बल्लेबाजी करने में मजा आया। उन्होंने आगे कहा, कोच रिकी पोंटिंग ने मुझे बताया कि मैं तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने जा रहा हूं और मुझे लगा कि एक अच्छा मौका है। इस तरह के दबाव में होना मेरे लिए एक चुनौती की तरह थी। एक खिलाड़ी के रूप में, अगर आप इस स्थिति में योगदान करते हैं तो आप अच्छा महसूस करते हैं और जब टीम जीतती है तो खुशी दोगुनी हो जाती है।

### पीएसएल में पदार्पण करेंगे डु प्लेसिस

**लाहौर,आईएएनएस।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज फॉफ डु प्लेसिस 14 नवंबर से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में पदार्पण करेंगे, जहां वह पेशावर जाल्मी के लिए प्लेऑफ चरण के मुकाबले खेलेंगे। डु प्लेसिस ने पिछली बार आईसीसी विश्व एकादश के कप्तान के रूप में 2017 में पाकिस्तान का दौरा किया था। वह अब पेशावर जाल्मी में कीरोन पोलार्ड की जगह लेंगे। पोलार्ड अपनी वेस्टइंडीज टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर होंगे।

पीएसएल फरवरी-मार्च में खेली जाती है। इस साल भी इसका आयोजन हुआ था और पूरा टूनामेंट पाकिस्तान में खेला गया था, लेकिन कोरोना वायरस के कारण टूर्नामेंट के प्लेऑफ के मुकाबले अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिए गए थे। अब इसके प्लेआफ मुकाबले 14 नवंबर से शुरू होने जा रहा है।

### आईओए के उपाध्यक्ष सुधांशु कोरोना पॉजिटिव

**नई दिल्ली,आईएएनएस।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के उपाध्यक्ष सुधांशु मित्तल कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। भाजपा के नेता मित्तल ने मंगलवार को ट्वीट करके इसकी पुष्टि की। मित्तल ने अपने वेरिफाइड एकाउंट से ट्वीट करते हुए लिखा, दोस्तों, मैं कोरोना पॉजिटिव पाया गया हूं। मैं उन सभी लोगों से निवेदन करता हूं कि वे अपना कोरोना टेस्ट करा लें, जो बीते कुछ दिनों में मेरे सम्पर्क में आए हैं। मित्तल ने कहा कि उनके अंदर कोरोना का कोई लक्षण नहीं है और वह स्वस्थ महसूस कर रहे हैं लेकिन इसके बावजूद डॉक्टरों की सलाह पर वह होम आइसोलेटेड हैं और उनकी सलाह के अनुसार ही अपना इलाज करा रहे हैं। भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष मित्तल सोमवार को डीएसजेए के खेल पत्रकारों से मिलने वाले थे लेकिन तबीयत खराब होने का कारण बताकर उन्होंने यह मीटिंग टाल दी।

## खेल हलचल

### ओम नाथ सूद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 20 नवंबर से

**नई दिल्ली,वार्ता।** 30वां अखिल भारतीय ओम नाथ सूद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 20 नवंबर से राष्ट्रीय स्वाभिमान खेल परिसर (आरएसकेपी) मैदान, पीतम पुरा में शुरू होने जा रहा है। इसमें विजेता टीम को 125000 रुपए का नगद पुरस्कार व व्यक्तिगत पुरस्कार तथा उपविजेता टीम को 75000 रूपए का नगद व व्यक्तिगत पुरुस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। आयोजक सचिव प्रमोद सूद ने यह जानकारी देते हए बताया कि इसके अतिरिक्त सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, मैन ऑफ द सीरीज, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर, मैन ऑफ द मैच, तेज शतक, तेज अर्द्धशतक, हैट्रिक, सर्वश्रेष्ठ कैच लपकने वाले, बेस्ट स्पोर्ट्समैन, एक पारी में सर्वाधिक चौके व सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। एक पुरस्कार अनुशासित टीम को भी दिया जाएगा।

### हमारा ध्यान केवल जीत पर था: श्रेयस अय्यर

**अबु धाबी,वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ छह विकेट से मिली जीत के बाद कहा कि इस मैच को टीम हर हाल में जीतने के इरादे से उतरी थी और उनका ध्यान रनरेट पर नहीं था। श्रेयस ने कहा,मैं टीम के प्रदर्शन से बेहद खुश हूं। मुझे इस बात का भली-भांति एहसास था कि यह करो या मरो का मुकाबला है और हमारा ध्यान केवल जीत दर्ज करने पर था, नेट रन रेट पर नहीं। यह काफी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट है और दूसरे हाफ में जीत दर्ज करने वाली टीमों ने स्थिति को पूरी तरह बदलकर रख दिया। दिल्ली ने अजिंक्या रहाणे और शिखर धवन के बेहतरीन अर्धशतक की बदौलत बेंगलुरु को निर्णायक आईपीएल मुकाबले में सोमवार को छह विकेट से हराकर प्लेऑफ में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। उन्होंने अपने गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा, मेरे हिसाब से गेंदबाजों ने रणनीति पर काफी अच्छी तरह अमल किया और उन्हें मालूम था कि क्या करना है। नोट्र्जे ने वास्तव में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। हम टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक हैं और हमें बुनियादी बातों पर टिके रहने की जरूरत है और अगर हम अपनी योजनाओं पर अमल करते रहे तो निश्चित तौर पर सुखद परिणाम आएंगे।

### लगातार चार मैच गंवाना सबसे मुश्किल दौर था: पोंटिंग

**अबु धाबी,भाषा।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग के अंतिम लीग मैच में जीत से पहले लगातार चार मैच गंवाना सबसे मुश्किल दौर था लेकिन इस दौरान खिलाड़ियों को मनोबल बनाए रखने का फायदा मिला। दिल्ली की टीम ने टूर्नामेंट में सबसे अच्छी शुरुआत की और अपने पहले नौ मैचों में से सात में जीत दर्ज की।

**लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड**
(सीआईएन : एल24117आरजे1979पीएलसी002099)
**पंजी. कार्यालय :** एसपी-460, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर-301030 (राजस्थान)
**कार्पोरेट कार्यालय :** ए-264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024
**फोन :** 011-46865999, 41627937, **फैक्स :** 011-46865930
**वेबसाइट :** www.lordschloro.com; **ई-मेल :** contact@lordschloro.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक **ब्रहस्पतिवार, 12 नवम्बर, 2020 को अप. 5:30 बजे** इसके कार्पोरेट कार्यालय ए 264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024 में, अन्य के साथ, 30 सितम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही /अर्द्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार, अनुमोदन, अंगीकरण तथा प्रकाशन हेतु आयोजित की जाएगी।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट नामतः www.lordschloro.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट नामतः www.bseindia.com पर भी देखी जा सकती है।

**निदेशक मंडल के आदेश द्वारा**
**वास्ते लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड**
हस्ता./-
**दीपेन्द्र चौधरी**
**कम्पनी सेक्रेटरी**

**स्थान :** नई दिल्ली
**तिथि :** 03.11.2020